University in News on 07 May 2024

JAGRAN CITY PAGE III

पीजी की सम सेमेस्टर परीक्षाएं 27 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 27 मई से परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू करेगा। सोमवार को कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से इसे देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार एम.एससी एग्रीकल्चर हर्टिकल्चर, एम.एससी एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एम.एससी एग्रीकल्चर एग्रोनामी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 से 31 मई तक होंगी। एम.ए एंड एम.एससी मैथ्स सीबीसीएस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से 18 जून तक, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से 11 जून तक संचालित होंगी। एम.ए ज्योतिर्विज्ञान (सीबीसीएस) दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से 14 जून, चौथे सेमेस्टर रेगुलर व बैक पेपर की परीक्षाएं तीन से 11 जून होंगी। इसके अलावा एम.ए एंड एम.एससी सांख्यिकी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 14 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से 11 जून और एम.ए एंड एम.एससी बायो स्टैटिस्टिक्स दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 14 जून, चौथे सेमेस्टर की तीन से 11 जून तक होंगी। वहीं, बी.एससी एग्रीकल्चर आनर्स दूसरे सेमेस्टर (एनईपी) रेगुलर की परीक्षाएं 27 मई से 10 जून तक आयोजित की जाएंगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

15 को बीकॉम की मौखिक परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : बीकॉम की लघु परियोजना रिपोर्ट की मौखिक परीक्षा 15 मई को आयोजित की जा रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. रचना ने बताया है कि लविवि के सेमेस्टर-छह के नियमित एवं स्व-वित्त के छात्रों की परीक्षा 15 मई को प्रात: 10 बजे से न्यू कॉमर्स ब्लॉक और ओल्ड ब्लॉक में आयोजित की जाएगी। छात्रों को मौखिक परीक्षा के लिए माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की हार्ड कॉपी और सीडी में उसकी सॉफ्ट कॉपी लानी अनिवार्य है।

22 को होगी लविवि में प्रयोगात्मक परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एमए और एमएससी के द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 22 मई को आयोजित की जाएगी। विवि के प्रो. मसूद एच सिद्दीकी ने बताया कि प्रयोगात्क परीक्षा का आयोजन सांख्यिकी विभाग में आयोजित होगी। इसी क्रम में 14 जून को सांख्यिकी परीक्षा चतुर्थ सेमेस्टर का भी आयोजन होगा।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि ने जारी किया सम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया है। इसे विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। जिन विषयों की स्कीम जारी की गई है उनमें एमएससी कृषि विज्ञान, एमएससी ज्योतिर्विज्ञान, एमएससी स्टैटिक्स, एमएससी गणित व बीएससी एजी शामिल हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव बताया कि परीक्षा कार्यक्रम में किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षार्थी परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

NBT PAGE 2

'छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान'

■ एनबीटी सं., लखनऊ: एलयू और खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज ने सोमवार को चौक में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। खुन खुन जी गर्ल्स से निकाली गई पद यात्रा में राहगीरों और दुकानदारों को मतदान का महत्व बताया गया। चौक चौराहे से कोनेश्वर होते हुए यात्रा वापस कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान छात्राओं ने 'पहले जलपान फिर मतदान', 'हम चले सब चले', 'एक प्रयास मतदाता जागरूकता के नाम', 'छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान' जैसे कई नारे लगाए। इस मौके पर एलयू वीसी प्रो. आलोक राय, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संगीता साहू, रजिस्ट्रार प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. केया पाण्डेय, प्रो. अनूप सिंह, प्रो. डीके सिंह, डॉ. अनित्य गौरव, प्रो.दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ. अमरेंद्र कुमार, खुन खुन जी पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो.अंशु केडिया मौजूद रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू कुलपति ने पर्चे बांटकर वोट के लिए जागरूक किया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज की ओर से कुलपति प्रोफेसर आलोक राय की अगुवाई में विवि के शिक्षकों और प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया, छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया।

खुन खुन जी कॉलेज से कुलपति की अगुवाई में पैदल चलते हुए सभी शिक्षकों और छात्राओं ने राहगीरों, दुकानदारों और अन्य आने जाने वालों को पैम्फलेट के जरिए और मतदान के बारे में बताया। प्रो. आलोक राय, प्राचार्या डॉ. केडिया समेत सभी शिक्षक चौक चौराहे से होते हुए चौक पोस्ट ऑफिस तक और वहां से वापस खुन खुन जी कॉलेज पहुंचे।

एलयू के कुलपति डॉ. आलोक राय ने सोमवार को मतदान की अपील की।

रास्ते भर छात्राएं पहले जलपान फिर मतदान, हम चले सब, चले एक प्रयास मतदाता जागरूकता के नाम, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान जैसे नारे लगाते रहे। यहां डॉ. मनोज पांडेय, प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. संगीता साहू, प्रो. राकेश द्विवेदी आदि रहे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू न्याय नित्यम लॉ फेस्ट में बना उपविजेता

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। डॉ.आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब के एसोसिएट सुमित सिंह और आदित्य मालवीय ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंजाब द्वारा आयोजित न्याय नित्यम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रो बोनो क्लब के संकाय प्रभारी डॉ.आलोक यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता एसोसिएट ने क्लब द्वारा अभी तक संपादित गतिविधियों की रिपोर्ट और क्लब के फ्यूचर प्लान एक्शन को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया जिसके लिए क्लब को उपविजेता घोषित किया गया। संकाय प्रमुख प्रोफेसर डॉ.बीडी सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। सुमित सिंह और आदित्य मालवीय ने इस सफलता का श्रेय संकाय प्रभारी डॉ.आलोक यादव, क्लब के संयोजक मनीष तिवारी और क्लब के अन्य सदस्यों को दिया है।

परास्नातक की परीक्षा 27 से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परास्नातक परीक्षाओं की तिथियां विवि प्रशासन से घोषित कर दी हैं। एमएससी एग्रीकल्चर के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 27 मई से शुरू होकर 31 मई को समाप्त होगी। इसी तरह एमएससी मैथ की परीक्षा 31 मई से आरंभ होकर 11 जून तक चलेगी।

एमए-एमएससी (सांख्यिकी) परीक्षा 5 जून से आरंभ होगी। ये 11 जून तक आयोजित होगी। एमए ज्योतिर्विज्ञान परीक्षा का आरंभ 31 मई से होगा। ये परीक्षा 11 जून तक चलेगी। इसी तरह बीएससी एग्रीकल्चर परीक्षा 27 मई से आरंभ हो रही है। ये परीक्षाएं 10 जून तक चलेंगी।

न्याय नित्यम प्रतियोगिता में प्रो बोनो क्लब बना उपविजेता

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब के एसोसिएट सुमित सिंह और आदित्य मालवीय ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंजाब की ओर से आयोजित न्याय नित्यम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

प्रो. क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक यादव ने बताया इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संपादित गतिविधियों की रिपोर्ट और क्लब की फ्यूचर प्लान एक्शन को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया। जिसके लिए क्लब को उपविजेता घोषित किया गया। संकाय प्रमुख प्रो. बीडी सिंह बताते हैं कि ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। सुमित और आदित्य ने सफलता का श्रेय संकाय प्रभारी डॉ. आलोक यादव, क्लब के संयोजक मनीष तिवारी व अन्य क्लब के सदस्यों को दिया है।

छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लविवि और खुन खुन जी पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुलपति और विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, खुन खुन जी की प्राचार्या और शिक्षिकाएं तथा छात्राएं खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज से निकलकर पैदल चलते हुए राहगीरों, दुकानदारों और अन्य आने-जाने वालों को पैम्फलेट के जरिए मतदान के बारे में बताते हुए चौक चौराहे से होते हुए चौक पोस्ट ऑफिस तक और वहां से वापस होते हुए पुन: खुन खुन जी कॉलेज तक पहुंचे। इसमें कुलपति, शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्राओं ने राहगीरों, दुकानदारों और अन्य व्यक्तियों को मतदान के महत्व और मतदान को अवश्य करने के बारे में बताया।

LOKSATYA PAGE 3

मतदाता जागरूकता में कुलपति और शिक्षकों ने की भागीदारी

अभियान

- राहगीरों, दुकानदारों को मतदान के महत्व की दी जानकारी

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय और खुन खुन जी पीजी कॉलेज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इस मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुलपति और विश्वविद्यालय के शिक्षक,

शिक्षिकाएं, खुन खुन जी की प्राचार्या और शिक्षिकाएं तथा छात्राएं खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज से निकलकर पैदल चलते हुए राहगीरों, दुकानदारों और अन्य आने जाने वालों को पैम्फलेट के जरिए और मतदान के बारे में बताते हुए चौक चौराहे से होते हुए चौक पोस्ट ऑफिस तक और वहां से वापस होते हुए पुन: खुन खुन जी कॉलेज तक पहुंचे।इसमें कुलपति ने तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्राओं ने राहगीरों, दुकानदारों और अरविंद अवस्थी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो संगीता साहू, कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी, निदेशक सांस्कृतिकी एवं प्लेसमेंट प्रो मधुरिमा लाल, ऑनरेरी लाइब्रेरियन प्रो केया पाण्डेय, चीफ प्रोक्टोस्ट प्रो अनूप सिंह, कार्य अधीक्षक प्रो डी के सिंह, लूटा महामंत्री डा अनित्य गौरव, निदेशक सूचना, प्रकाशन एवं जनसंपर्क प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा अमरेन्द्र कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र और खुन खुन जी पीजी कॉलेज की प्राचार्या, शिक्षिकाएँ और राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं सम्मिलित थी।

अन्य व्यक्तियों को मतदान के महत्व और मतदान को अवश्य करने के बारे में बताया।

इस अभियान में रास्ते भर छात्राएं ₹पहले जलपान फिर मतदान₹, ₹हम चले सब, चले एक प्रयास मतदाता जागरूकता के नाम₹, ₹छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान₹, ₹लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता है जागरूक मतदाता₹, लोकतंत्र का करो सम्मान, शत प्रतिशत करो मतदान₹, ₹अपना अमूल्य वोट देकर, बनें देश के भविष्य मेकर₹ आदि का नारा लगाते रहे।इस अभियान में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो

HT PAGE 3

LU, colleges spread voter awareness

HT Correspondent
letters@ht.live.com

LUCKNOW : A massive voter awareness campaign under the joint aegis of University of Lucknow (LU) and Khun Khun Ji Girls' PG College was carried out to educate people about the importance of casting their vote here on Monday.

Led by Lucknow University (LU) vice chancellor Prof Alok Kumar Rai, university's teachers, principal and students of Khun Khun Ji Girls' PG College walked from the college and distributed pamphlets to passers-by, vendors, shopkeepers and others.

Prof Rai was one of the panelists at HT office where a brainstorming session was held with Lucknow divisional commissioner Roshan Jacob on May 1 as how to improve voting percentage in Lucknow which has never crossed 60% mark.

While passing through Chowk intersection, VC and others reached Chowk post office and from there they went back to Khun Khun Ji College. During the drive, the vice chancellor, teachers and students told people about the importance of voting and how to vote.

Students all along the way raised slogans like "Pehle Mardan Phir Jal Paan" and "Leave all your work, let's vote first".

Lucknow University's pro vice chancellor Prof Arvind Awasthi; dean (student welfare) Prof Sangeeta Sahu; proctor Rakesh Dwivedi; LUTA general secretary Anitya Gaurav; director information, publications and public relations Prof Durgesh Srivastava also took part in the campaign.

TOI PAGE 2

LU, IT College spread voting awareness

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Voting awareness drives were organised by various educational institutions in the city on Monday.

Lucknow University and Khun Khun Ji Girls PG College jointly organised a voting awareness campaign.

Lucknow University vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai and principal of Khun Khun ji Girls PG College, Prof Anshu Kedia, along with teachers, professors and students took out a march in Chowk and distributed pamphlets making people aware why voting is necessary to keep democracy alive. Isabella Thoburn College organised a signature campaign on the campus for electoral awareness among students under the guidance of principal Prof Panzy Singh. A voting awareness campaign was also organised by Study Hall Educational Foundation.

Signature campaign being held at IT College and (right) LU VC Prof Alok Kumar Rai taking out a march